| | | |
|---|---|---|
| पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या | : | 16 |
| Number of Pages in Booklet | : | 16 |
| पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या | : | 100 |
| No. of Questions in Booklet | : | 100 |

# IHS-26

इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए। Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.

3073228

प्रश्न-पुस्तिका संख्या व बारकोड / Question Booklet No. & Barcode

**Paper Code : 04**

**Paper – I**

**Sub : General Hindi**

**समय : 02:00 घण्टे + 10 मिनट अतिरिक्त***
**Time : 02:00 Hours + 10 Minutes Extra***

**अधिकतम अंक : 200**
**Maximum Marks : 200**

**प्रश्न–पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर प्रश्न–पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :**

- **प्रश्न–पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान हैं।**
- **प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं। समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/ मुद्रण त्रुटि नहीं है।**

**किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न–पत्र प्राप्त कर लें। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper, the candidate should ensure that :**

- **Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.**
- **All pages & questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.**

**If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है।**
2. **सभी प्रश्नों** के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र एक ही उत्तर दीजिए। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
4. **OMR** उत्तर-पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
6. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में करेक्शन पेन/व्हाईटनर/सफेदा का उपयोग निषिद्ध है।**
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।
8. **प्रत्येक प्रश्न के पाँच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल पॉइंट पेन से गहरा करना है।**
9. **यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं तो उत्तर-पत्रक में पाँचवें (5) विकल्प को गहरा करें। यदि पाँच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।**

10.* **प्रश्न-पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक जांच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है। इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।**

11. **यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पाँच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है तो उसको अयोग्य माना जायेगा।**
12. **मोबाइल फोन अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।**

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्रायमिकी दर्ज कराते हुए **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **Blue Ball Point Pen** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in **OMR** Answer Sheet. Candidates will themselves be responsible for filling wrong Roll No.
6. **Use of Correction Pen/Whitener in the OMR Answer Sheet is strictly forbidden.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
9. **If you are not attempting a question then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**

10.* **After solving question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time is provided for this.**

11. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions shall be disqualified.**
12. **Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt with as per rules.**

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022 & any other laws applicable and Commission's Rules-Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**उत्तर–पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर–पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें। वीक्षक उत्तर–पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे। परीक्षार्थी को उत्तर–पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा माँगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी।**

1. 'LAWFUL' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है –

(1) विधिसम्मत

(2) वाद

(3) न्यायालय

(4) कानून और व्यवस्था

(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. 'CONCUR' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है –

(1) सहमत होना

(2) समापन होना

(3) असहमति

(4) असहज होना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. 'CONSPECTUS' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है –

(1) संघटक (2) संगति

(3) समेकन (4) संदर्शिका

(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. 'PLEAD' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है –

(1) पैरवी करना

(2) प्रसाद

(3) तर्क

(4) दलील

(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. निम्नलिखित में से अंग्रेजी शब्द का संगत हिन्दी पारिभाषिक शब्द है :

(1) Regularize – विनियामक

(2) Reinstatement – पुनःस्थापन

(3) Reiterate – सुसंगत

(4) Reimburse – अस्वीकृति

(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. किस विकल्प का पारिभाषिक शब्द सुमेलित नहीं है ?

(1) Import – आयात

(2) Gazetted – राजपत्र

(3) Immoral – अनैतिक

(4) Gratuity – उपदान

(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. 'ABETMENT' का हिंदी पारिभाषिक शब्द है –

(1) अपहरण

(2) दुष्प्रेरण

(3) परित्याग

(4) दुष्प्रेरक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. 'नेकी कर और दरिया में डाल' लोकोक्ति का निकटतम अर्थ है –

(1) वास्तविक गुणियों का सम्मान नहीं होता ।

(2) उपकार करते समय प्रत्युपकार की इच्छा नहीं रखनी चाहिए ।

(3) भलाई का बदला बुराई

(4) बहुत चंचल और उपद्रवी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. 'झटपट की घानी, आधा तेल आधा पानी' लोकोक्ति का दिए गए विकल्पों में से निकटतम अर्थ है–

(1) मौका मिलते ही मिलावट करना ।

(2) जल्दी का काम अच्छा नहीं होता ।

(3) झूठ बोलने में कुछ खर्च नहीं होता ।

(4) छोटी जगह में छोटे आदमी भी बड़े समझे जाते हैं ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. 'हाथी के पाँव में सबका पाँव' लोकोक्ति का निकटतम अर्थ है –

(1) काम का अधिक भाग समाप्त हो गया ।

(2) अपना भार अपने को भारी नहीं लगता ।

(3) किसी की प्रकृति नहीं बदलती ।

(4) बड़े लोगों के साथ छोटों की भी गुज़र हो जाती है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. 'WITNESS' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है –

(1) सार्वजनिक (2) साक्षी

(3) सक्षम (4) विवादी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. 'REALIZE' के लिए हिन्दी पारिभाषिक शब्द नहीं है –

(1) अनुभव करना

(2) एहसास

(3) वसूल करना

(4) उगाहना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. 'RESIDUARY' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है –

(1) उद्यमिता

(2) अधिकार

(3) अधिकारिता

(4) अवशिष्ट

(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. 'खल की दवा पीठ की पूजा' लोकोक्ति का निम्नलिखित में से निकटतम अर्थ है :

(1) दुष्ट व्यक्ति पीटने से ही ठीक रहते हैं ।

(2) बेकार आदमी को खुराफ़ात सूझती है ।

(3) कहना कुछ और करना कुछ और ।

(4) दुआ, दवा का काम करती है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. निम्नलिखित में से किस मुहावरे का भावार्थ गलत है ?

(1) कान भरना – पीठ पीछे शिकायत करना ।

(2) कान में तेल डालना – कान दर्द होने पर तेल से ठीक करना ।

(3) कान खड़े होना – होशियार होना ।

(4) कान पर जूँ न रेंगना – ध्यान न देना ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. 'नकेल हाथ में होना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है –

(1) अभिमानपूर्ण हाव–भाव दिखाना

(2) रूप तथा वेश में नवीनता दिखाना

(3) वश में होना

(4) खाली हाथ होना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. किस वाक्य में विराम चिह्नों का असंगत प्रयोग हुआ है ?

(1) 'प्रदीप' एक हिन्दी दैनिक पत्र है ।

(2) पानी बरसा, हवा चली, ओले गिरे ।

(3) सूर्य अस्त हुआ; आकाश लाल हुआ; और जंगल में धीरे–धीरे अँधेरा फैलने लगा ।

(4) लड़के ने कहा मैं, अभी आता हूँ !

(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. 'अन्न–जल उठना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है -

(1) खाना–पीना मिलना

(2) किसी चीज़ को खराब करना

(3) किसी स्थान से संबंध समाप्त होना

(4) मोटा न होना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. 'थाह लेना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है -

(1) किसी का भेद लेना

(2) चोरी करना

(3) लूट लेना

(4) खरीद लेना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. 'जितनी देग उतनी खुरचन' लोकोक्ति का निम्नलिखित में से निकटतम अर्थ है :

(1) बुरे कार्य का बुरा नतीजा होता है ।

(2) कथनी और करनी में समानता का भाव ।

(3) बुद्धिमान को सब समझ में आ जाता है ।

(4) फायदा पूँजी के हिसाब से होना ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. 'हाथ–पाँव फूलना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है -

(1) कंजूस होना

(2) बीमार होना

(3) भयभीत होना

(4) अपमानित होना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**22.** यदि वाक्य में प्रयुक्त किसी व्यक्ति या वस्तु की विशिष्टता किसी संबंधवाचक सर्वनाम के माध्यम से बतानी हो, तो वहाँ किस विराम चिह्न का प्रयोग किया जा सकता है ?

(1) विस्मयादिबोधक चिह्न

(2) अर्द्धविराम चिह्न

(3) अल्पविराम चिह्न

(4) योजक चिह्न

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**23.** 'इक्कीस मील चौड़ी दुनिया की सबसे बड़ी नहर यही है।' इस वाक्य में 'चौड़ी' शब्द के बाद कौन सा विराम चिह्न प्रयुक्त होगा ?

(1) अर्द्धविराम

(2) तुल्यतासूचक

(3) अवतरण चिह्न

(4) अल्पविराम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**24.** किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है ?

(1) मैं इतना ही चाहता हूँ।

(2) वह अत्यंत ही सुन्दर है।

(3) ये बातें केवल दिखावा भर थीं।

(4) वह अवश्य ही हमसे मिलेगा।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**25.** विराम चिह्न के प्रयोग के संबंध में असंगत कथन है –

(1) वाक्य के अंत में प्रश्न अथवा आश्चर्य का चिह्न आने पर पूर्ण विराम लगाया जाता है।

(2) प्रश्नचिह्न प्रश्नवाचक वाक्य के अंत में लगाया जाता है।

(3) प्रश्नचिह्न ऐसे वाक्यों में नहीं लगाया जाता जिनमें प्रश्न आज्ञा के रूप में हो।

(4) जिन वाक्यों में प्रश्नवाचक शब्दों का अर्थ संबंधवाचक शब्दों का–सा होता है, उनमें प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जाता।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**26.** कौन सा विकल्प विराम चिह्न के प्रयोग की दृष्टि से दोषरहित है ?

(1) कृपया यह बताने का कष्ट करें कि हम क्या पढ़ें।

(2) कृपया यह बताने का कष्ट करें, कि हम क्या पढ़ें !

(3) कृपया यह बताने का कष्ट करें कि हम क्या पढ़ें ?

(4) कृपया, यह बताने का कष्ट करें कि हम क्या पढ़ें !

(5) अनुत्तरित प्रश्न

27. किस विकल्प में अशुद्ध वाक्य नहीं है ?

(1) हिन्दी की शिक्षा अनिवार्य कर दिया ।

(2) आपने रचनाओं में यही बात कई बार कहा है ।

(3) उन्होंने आँखे फेरना ही सीख रखी हैं ।

(4) यह शरीर नष्ट हो जाएगा ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. किस विकल्प में अशुद्ध वाक्य है ?

(1) किसी आगामी घटना की कल्पना मेरे मन में न थी ।

(2) यह रोग चिन्ताजनक है ।

(3) यह एक गंभीर समस्या है ।

(4) इसका कुछ भी अर्थ नहीं है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. शुद्ध वाक्य है –

(1) जहाँ तक हो सके आप इस बात का प्रयत्न करें ।

(2) विद्यार्थियों की मेले में कई टोलियां थी ।

(3) वह पुत्रवत् अपनी प्रजा का पालन करता था ।

(4) आपने किसी छात्रों की सभा में कहा ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

30. किस विकल्प में अशुद्ध वाक्य नहीं है ?

(1) मैं उसे सब-कुछ समझा दूँगा ।

(2) मैं वहाँ कई बार जा आया हूँ ।

(3) वह आगे बढ़ सकने का प्रयत्न करता है ।

(4) यह रुपया नहीं पा पाया ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. किस विकल्प में अशुद्ध वाक्य है ?

(1) सब चिन्ता दूर होने से मन शान्त हो गया ।

(2) देश के प्रति प्रेम न होने से वह टुकड़ों में बँट जाएगा ।

(3) गाड़ी के नीचे दबने से लड़के की मृत्यु हो गई ।

(4) आँसू गैस छोड़कर उपद्रवी पकड़े गये ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है ?

(1) तुम्हारे से कोई काम नहीं हो सकता ।

(2) उन्हें समझ में आ जायेगा ।

(3) मेरा और मेरे मित्रों का इस मेले में जाना हुआ ।

(4) यह लोग क्या कहते हैं ?

(5) अनुत्तरित प्रश्न

33. 'वहाँ मत खेलो ।' अर्थ के आधार पर यह वाक्य है –

(1) संकेतवाचक

(2) विधिवाचक

(3) इच्छावाचक

(4) आज्ञावाचक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

34. किसी वाक्य में उद्देश्य के विषय में जो विधान किया जाता है, उसे सूचित करने वाले शब्दों को कहते हैं –

(1) निपात

(2) उपवाक्य

(3) विधेय

(4) संज्ञा वाक्यांश

(5) अनुत्तरित प्रश्न

35. निम्नलिखित में से कर्तृवाच्य नहीं है :

(1) राम घोड़ा लाता है ।

(2) मनोज चोर को पकड़ता है ।

(3) मुझको मारा जाता है ।

(4) मोहन चित्र देखता है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. 'सुशील ने कहा कि मैं गाँव नहीं जाऊँगा ।' वाक्य में प्रधान उपवाक्य है –

(1) गाँव नहीं जाऊँगा

(2) सुशील ने कहा

(3) नहीं जाऊँगा

(4) मैं गाँव नहीं जाऊँगा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

37. संयुक्त वाक्य का उदाहरण है –

(1) पेड़ के जीवन का आधार केवल पानी ही नहीं है, वरन् कई और पदार्थ भी हैं ।

(2) जब-जब मुझे काम पड़ा, तब-तब आपने सहायता दी ।

(3) जहाँ अभी समुद्र है, वहाँ किसी समय जंगल था ।

(4) वे लोग भी वहीं से आए, जहाँ से आर्य लोग आए थे ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

38. निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य नहीं है :

(1) जब अँधेरा हुआ, तब हम लोग सो गये ।

(2) मैं तुम्हें वहाँ भेजूँगा, जहाँ श्याम गया है ।

(3) यहाँ ऐसे कई लोग हैं, जो दूसरों की चिंता नहीं करते ।

(4) विद्या से ज्ञान बढ़ता है और विचारशक्ति प्राप्त होती है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

39. 'यह तेल खदान से निकलता होगा ।' वाक्य में काल है

(1) अपूर्ण भूतकाल

(2) संभाव्य भविष्यत् काल

(3) सामान्य भविष्यत् काल

(4) संदिग्ध वर्तमान काल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

40. किस वाक्य में सामान्य भूतकाल का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) श्रीकृष्ण ने गोवर्धन कैसे उठाया होगा ।

(2) अब यह बेमौत मरा ।

(3) आप चलिए, मैं अभी आया ।

(4) गाड़ी सवेरे आई ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

41. किस विकल्प में रेखांकित पद और उसके समक्ष लिखे पुरुष का प्रकार असंगत है ?

(1) यही तो हम भी कहते हैं – अन्य पुरुष

(2) यह थैली मुझे मिली – उत्तम पुरुष

(3) हम वनवासियों ने ऐसे भूषण आगे कभी न देखे थे – उत्तम पुरुष

(4) पर्वतायन, तू अपने काम में असावधानी मत करियो – मध्यम पुरुष

(5) अनुत्तरित प्रश्न

42. 'वह विद्यालय जा चुका

(1) पूर्णकालिक पक्ष

(2) नित्यताबोधक पक्ष

(3) सातत्यबोधक पक्ष

(4) आवृत्तिमूलक पक्ष

(5) अनुत्तरित प्रश्न

43. निम्नलिखित में से किस विकल्प में कर्मवाच्य नहीं है ?

(1) राम से कैसे बैठा जायेगा ।

(2) कलाकार द्वारा मूर्ति गढ़ी जाती है ।

(3) यह काम मुझसे नहीं होगा ।

(4) पुस्तक खरीदी जाती है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

44. आज्ञार्थक वृत्ति का उदाहरण है –

(1) यदि मेरा भाई यहाँ होता, तो तुम ऐसे न कहते ।

(2) संभव है, वह आया हो ।

(3) तुम वहाँ न जाना ।

(4) हो सकता है कि कहीं वर्षा हुई हो ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

45. किस विकल्प में अशुद्ध शब्द है ?

(1) तन्त्रिक (2) क्षुधित

(3) दुष्यन्त (4) नैसर्गिक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

46. कौन से वाक्य में अधिकरण कारक के परसर्ग 'पर' का प्रयोग नहीं है ?

(1) गाड़ी नौ बजकर पैंतालीस मिनट पर आती है ।

(2) वह अपने पुरखों की चाल पर चलता है ।

(3) बात पर बात तो निकलती ही है ।

(4) तुम्हारे कौन से सुरखाब के पर लगे हैं ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

47. कर्ता कारक के 'ने' परसर्ग के अनुपयुक्त प्रयोग वाला वाक्य है –

(1) उसने यही बात करनी थी ।

(2) लड़के ने चिट्ठी लिखी ।

(3) राम ने छींका ।

(4) मैंने नौकर को बुलाया है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

48. शुद्ध शब्द है –

(1) दृव्यमान (2) द्रवीभूत

(3) दुतावास (4) दुरागृह

(5) अनुत्तरित प्रश्न

49. निम्नलिखित शब्दों में से स्त्रीलिंग शब्द है :

(1) खड़ाऊँ

(2) पक्षी

(3) पैसा

(4) सेब

(5) अनुत्तरित प्रश्न

50. बहुधा एकवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द है –

(1) अनेक (2) तेल

(3) आप (4) सब

(5) अनुत्तरित प्रश्न

51. प्रायः बहुवचन क्रिया के साथ प्रयुक्त होने वाला संज्ञा शब्द है –

(1) घी (2) सोना

(3) आकाश (4) आँसू

(5) अनुत्तरित प्रश्न

52. निम्नलिखित शब्दों में से पुल्लिंग शब्द का चयन कीजिए :

(1) सरकार

(2) रात

(3) लात

(4) बड़प्पन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. 'सूची – सूजी' शब्द–युग्म का क्रमशः सही अर्थ है –

(1) पवित्र – चिन्ता

(2) तालिका – गेहूँ का दरदरा आटा

(3) विवरण – पवित्र

(4) प्रपत्र – गेहूँ का दरदरा आटा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. किस विकल्प में सभी शब्द अशुद्ध हैं ?

(1) अतिशयोक्ति, द्वारका, घुटना

(2) वयवृद्ध, अहिल्या, अभ्यर्थि

(3) चन्द्रिका, प्रदर्शनी, घनिष्ट

(4) अधीन, तात्कालिक, अष्टावक्र

(5) अनुत्तरित प्रश्न

55. किस विकल्प में शब्द–युग्म का क्रमशः सही अर्थ नहीं है ?

(1) विनिमय – विनियम = अदला-बदली – नियंत्रण

(2) सुरति – सुरती = अनुराग – तंबाकू

(3) सुरभि – सुरभी = छोटी माला – सुपारी

(4) सुभग – सुभट = सुंदर – भारी योद्धा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. अशुद्ध शब्द है -

(1) दुराशय (2) अनन्या

(3) अनधिक्रत (4) अन्तरात्मा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. शुद्ध शब्द है -

(1) स्वेच्छिक (2) रणनिति

(3) तीर्थाटन (4) पुर्नप्राप्ति

(5) अनुत्तरित प्रश्न

58. अशुद्ध शब्द है -

(1) परिप्रेक्ष्य (2) स्रष्टा

(3) सिंदूर (4) नुपुर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

59. अशुद्ध शब्द है –

(1) कैलास (2) अध्यात्मिक

(3) अनुगृहीत (4) लालित्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं ?

(1) फेंकना, मंजूषा

(2) अनाधिक, त्यौहार

(3) धराशायी, उत्तरदाई

(4) न्योछावर, ओपन्यासिक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. असंगत विलोम शब्द है –

(1) अर्पण – ग्रहण

(2) उन्नति – अवनति

(3) अनादर – निरादर

(4) आविर्भूत – तिरोभूत

(5) अनुत्तरित प्रश्न

62. 'प्रतियोगिता आदि में किसी से होड़ लेने की इच्छा' वाक्यांश हेतु उपयुक्त सार्थक शब्द है –

(1) स्पृहणीय (2) शिरोधार्य

(3) ईर्ष्यालु (4) स्पर्द्धा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. किस विकल्प में वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द उपयुक्त नहीं है ?

(1) गृहस्थ का धर्म – गार्हस्थ्य

(2) जाना और आना – गमनागमन

(3) गुणों का पारखी – गुणक

(4) बड़ा पर्वत – गिरिराज

(5) अनुत्तरित प्रश्न

64. 'शाश्वत' का विलोम शब्द है –

(1) अविनश्वर (2) अनश्वर

(3) क्षणिक (4) अविनाशी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. निम्नलिखित में से किस शब्द-युग्म का क्रमशः सही अर्थ है ?

(1) अपेक्षा – उपेक्षा = चाह – परित्याग

(2) परुष – पुरुष = आदमी – कोमल

(3) दिवा – दीवा = दीया – दिवस

(4) तरंग – तुरंग = हिरण – लहर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

66. किस समश्रुत शब्द-युग्म का क्रमशः अर्थ सुमेलित नहीं है ?

(1) तक्र – तर्क = छाछ – दलील

(2) अंत – अंत्य = समाप्ति – अंतिम

(3) कांति – क्लांति = दीप्ति – थकावट

(4) टुक – टूक = टुकड़ा – थोड़ा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

67. किस विकल्प में वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द नहीं है ?

(1) लिखने योग्य – आलेख्य

(2) गुण-दोष आदि का विवेचन करने वाला – आलोच्य

(3) किसी कृति के गुण-दोषों का निरूपण – आलोचना

(4) जिसकी आलोचना की गई हो – आलोचित

(5) अनुत्तरित प्रश्न

68. 'शाबाश !' निम्न में से विस्मयादिबोधक अव्यय के किस भेद का उदाहरण है ?

(1) संबोधनद्योतक

(2) शोकबोधक

(3) स्वीकारबोधक

(4) हर्षबोधक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

69. इनमें से कौन सा वाक्य निपात रहित है ?

(1) गाड़ी तो धीरे चल रही है ।

(2) और भी लोग आने वाले हैं ।

(3) मैं तुम्हारा सिर फोड़ दूँगा ।

(4) हाँ, मैं वहाँ गया था ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. संबंधसूचक अव्यय का प्रयोग नहीं हुआ है –

(1) नौकर गाँव तक गया ।

(2) गाड़ी समय से पहले आई ।

(3) मैं विदेश कदापि न जाऊँगा ।

(4) मेरे पास एक घड़ी है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

71. निम्नलिखित में से 'जूठन' का पर्यायवाची नहीं है

(1) भुक्त (2) भुक्ति

(3) अवशिष्ट (4) उच्छिष्ट

(5) अनुत्तरित प्रश्न

72. निम्नलिखित में से 'ध्वज' का पर्यायवाची नहीं है :

(1) केतन (2) केतु

(3) पताका (4) पल्लव

(5) अनुत्तरित प्रश्न

73. किस विकल्प में असंगत विलोम शब्द है ?

(1) स्पंदित – निष्पंद

(2) शोषक – पोषक

(3) अचेष्ट – निश्चेष्ट

(4) साधक – बाधक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

74. कौन से विकल्प में सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं ?

(1) धवल, शुभ्र, सित

(2) उपवन, उद्यान, वाटिका

(3) सहोदरा, अग्रजा, भगिनी

(4) शारदा, कमला, रमा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

75. निजवाचक सर्वनाम 'आप' का उदाहरण नहीं है –
(1) आप भला तो जग भला ।
(2) मैं आप वहाँ गया था ।
(3) मुनि आप मुझसे मिले थे ।
(4) मैं आप से फिर निवेदन करूँगा ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

76. 'वह लड़का, जो कल आया था, पढ़ने में तेज़ है ।' वाक्य में रेखांकित पद में किस सर्वनाम का प्रयोग हुआ है ?
(1) निजवाचक सर्वनाम
(2) पुरुषवाचक सर्वनाम
(3) संबंधवाचक सर्वनाम
(4) निश्चयवाचक सर्वनाम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

77. सार्वनामिक विशेषण रहित वाक्य है –
(1) देखो, कौन आया है ।
(2) कौन आदमी आया है ?
(3) कोई सज्जन आए हुए हैं ।
(4) इनमें से क्या चीज़ तुम लोगे ?
(5) अनुत्तरित प्रश्न

78. निम्न में व्यक्तिवाचक संज्ञा है :
(1) ईश्वर (2) मनुष्य
(3) घर (4) नदी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

79. सकर्मक क्रिया के प्रयोग का उदाहरण है –
(1) आप मेरे मित्र ठहरे ।
(2) मैं गया ।
(3) पक्षी उड़ते हैं ।
(4) मैं तुम्हें उपाय बतलाता हूँ ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

80. प्रेरणार्थक क्रिया है –
(1) चमकना (2) गलाना
(3) करना (4) चरना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

81. परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण है –
(1) एकाएक (2) शायद
(3) इसलिए (4) सर्वथा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

82. किस विकल्प में दोनों शब्द विशेषण हैं ?
(1) कटाक्ष, प्रेम
(2) धमकी, धर्मान्ध
(3) गोपनीय, गोलोक
(4) रोगी, भविष्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**83.** 'य' प्रत्यय के योग से बना शब्द नहीं है –

(1) शांडिल्य (2) वाणिज्य

(3) पांडित्य (4) पाश्चात्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**84.** निम्नलिखित में से तत्सम शब्द नहीं है :

(1) थाप (2) खल

(3) वत्स (4) काल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**85.** किस विकल्प में सभी शब्द तत्सम हैं ?

(1) संधि, सोना

(2) सूर्य, चम्पा

(3) सुगंध, हींग

(4) हरित, छादन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**86.** 'अगिन' शब्द है –

(1) तत्सम (2) तद्भव

(3) अर्द्धतत्सम (4) देशज

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**87.** 'इष्ठ' प्रत्यय के योग से बना शब्द नहीं है –

(1) ज्येष्ठ (2) श्रेष्ठ

(3) स्वादिष्ठ (4) लब्धप्रतिष्ठ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**88.** निम्न में से तद्भव शब्द नहीं है :

(1) बिजली (2) घुण

(3) मछली (4) बैल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**89.** इनमें से देशज शब्द है –

(1) पेटी (2) पेठा

(3) डंडा (4) डंक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**90.** इनमें से विदेशी शब्द नहीं है –

(1) राख (2) पुदीना

(3) चुकन्दर (4) अमीर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**91.** भाववाचक संज्ञा शब्द 'गरमी' निर्मित हुआ है –

(1) सर्वनाम से

(2) जातिवाचक संज्ञा से

(3) विशेषण से

(4) क्रिया से

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**92.** निम्नलिखित शब्दों में से तद्भव शब्द है :

(1) कटोरा (2) प्रिय

(3) चौपाई (4) घोर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

93. संधि की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण है –

(1) अभि + आगत = अभ्यागत

(2) वाक् + मय = वाङ्मय

(3) सप्त + ऋषि = सप्तर्षि

(4) एक + एक = एकैक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

94. निम्नलिखित में से सही संधि–विच्छेद नहीं है :

(1) अमृतेश = अमृत + ईश

(2) किन्नर = किम् + नर

(3) परीक्षा = परी + ईक्षा

(4) अनुच्छेद = अनु + छेद

(5) अनुत्तरित प्रश्न

95. कौन से विकल्प में गलत संधि–विच्छेद है ?

(1) महोदय = महा + उदय

(2) वेदोक्त = वेद + उक्त

(3) यथेष्ट = यथा + ईष्ट

(4) वर्षांत = वर्षा + अंत

(5) अनुत्तरित प्रश्न

96. संधि से निर्मित गलत शब्द है –

(1) महा + ओजस्वी = महोजस्वी

(2) ईश्वर + इच्छा = ईश्वरेच्छा

(3) जिह्वा + अग्र = जिह्वाग्र

(4) तमस + आच्छन्न = तमसाच्छन्न

(5) अनुत्तरित प्रश्न

97. अव्ययीभाव समास का उदाहरण है –

(1) अन्याय (2) निडर

(3) अतिक्रम (4) प्रगति

(5) अनुत्तरित प्रश्न

98. किस शब्द में दो उपसर्ग प्रयुक्त हुए हैं ?

(1) समकालीन

(2) समाचार

(3) अपलक

(4) उनसठ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

99. शब्द में निहित उपसर्ग की दृष्टि से संगत विकल्प है –

(1) स्वल्प – स्व

(2) अनुवाद – अन्

(3) वैवाहिक – वि

(4) निरस्त – नि

(5) अनुत्तरित प्रश्न

100. 'मझधार' निम्नलिखित में से किस समास का उदाहरण है ?

(1) द्विगु (2) कर्मधारय

(3) द्वन्द्व (4) अव्ययीभाव

(5) अनुत्तरित प्रश्न